Publication: **Nav Bharat Times** Region: **Pune** | Date: **23/07/2016** | Page No.: **08**

रिलायंस निप्पन 30,000 एजेंटों को नियुक्त करेगी

■ **बिजनेस डेस्क:** रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस ने कहा कि उसने बीमा बाजार में प्रसार बढ़ाने के लिए 30,000 नए एजेंट नियुक्त करने की योजना बनाई है ताकि प्रीमियम संग्रह में दहाई अंक की वृद्धि हासिल की जा सके। रिलायंस निप्पन लाइफ इंश्योरेंस के मुख्य एजेंसी अधिकारी मनोरंजन साहू ने कहा, 'हमने अपनी विस्तार योजना के तहत चालू वित्त के दौरान 30,000 नए एजेंट नियुक्त करने की योजना बनाई है।' उन्होंने कहा नई नियुक्तियों के साथ देश में उनके कुल एजेंटों की संख्या बढ़कर 1.30 लाख हो जाएगी।